आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 सितम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा और एनडीए सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र को किया सम्बोधित। वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों के लाभों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने की अपील।
- नोएडा में पचीस सितम्बर से प्रस्तावित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो–यूपीआईटीएस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की समीक्षा बैठक। प्रमुख विभागों की उपलब्धियों के प्रदर्शन के जरिये प्रदेश की ब्रांडिंग के दिए निर्देश।
- प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता तथा प्रवेश प्रक्रिया की होगी जांच। शैक्षणिक संस्थाओं के लिये मान्यता संबंधी शपथ पत्र देना किया गया अनिवार्य।
- उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान आज। शाम छह बजे से होगी मतगणना।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के सांसदों से अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवाकर–जीएसटी सुधारों की जानकारी लोगों तक पहुँचाने का आग्रह किया है। उन्होंने कल शाम भाजपा और एनडीए सांसदों की दो दिन के कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक–दो हजार पचीस सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों के लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करने को भी कहा। भाजपा नेता और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने एनडीए सांसदों से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की।

**आत्मनिर्भर भारत के लिए एनडीए लीडर्स को लीडरशिप रोल प्ले करने के लिए आह्वान किया। स्ट्रेस इस बात को लेकर प्रधानमंत्री जी ने किया है कि जो स्वदेशी सामान है उसको कैसे हम आगे बढाएं। अब यह महौल बनाना है कि स्वदेशी है। यह सामान हमारा भारत में बना हुआ है। यह कहने पर गर्व महसूस करना चाहिए।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। इसी क्रम में तीन सितंबर को जीएसटी परिषद ने आम आदमी पर केंद्रित दरों को युक्तिसंगत बनाने की पहल की। प्रस्तुत है खेल क्षेत्र के लिए किए गए सुधारों पर एक रिपोर्ट–

**खेल के सामानों पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से कम हो कर 5 प्रतिशत हो गई है। दस्ताने, स्पोर्ट्स किट, सामान्य शारीरिक व्यायाम के उपकरण और मछली पकड़ने के गियर जैसे सभी वस्तु अब सस्ते दामों में मिलेंगे। जीएसटी परिषद ने बच्चो के खिलौने जैसे ट्राइसाइकिल, स्कूटर, पैडल कार के साथ–साथ बोर्ड गेम जैसे शतरंज, कैरम, लुडो आदि खेल वस्तुओ पर भी जीएसटी 12 प्रतिशत से घटा कर 5 प्रतिशत करने की घोषणा की है केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि नए जीएसटी सुधारों से खेल वस्तुएं नागरिकों के लिए सस्ती हो जाएंगी और इससे उन्हें खेल तथा फिटनेस गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए भी प्रेरणा मिलेगी। रोहन के साथ, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली के लिए दिलनशी आरजू।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्यारह सितम्बर को वाराणसी आएंगे। अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान वह मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चन्द्र रामगुलाम के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर के माध्यम से पुलिस लाइन पहुंचेंगे। पुलिस लाइन से होटल तक भारतीय जनता पार्टी के हजारों कार्यकर्ता उनकी अगवानी पुष्प वर्षा कर करेंगे। वह होटल ताज में मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्रराम गुलाम के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी**

मॉरीशस के प्रधानमंत्री कल शाम को ही वाराणसी पहुंच जाएंगे। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल उनका स्वागत करेंगी। वाराणसी में प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने कल वर्चुअल माध्यम से तैयारियों की समीक्षा की।

**********

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो– यूपीआईटीएस का तीसरा संस्करण आगामी 25 से 29 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होगा। इस भव्य आयोजन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।एक रिपोर्ट

**यूपीआईटीएस के सफल आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि इस वर्ष ट्रेड शो में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, पीएम स्वनिधि और पीएम इंटर्नशिप कार्यक्रम पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनी लगाई जाए। साथ ही अन्य सभी प्रमुख विभाग भी अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करें, ताकि यह आयोजन प्रदेश की ब्रांडिंग का सशक्त माध्यम बन सके। मुख्यमंत्री ने बायर–सेलर मीट की व्यवस्था तथा इसमें सहयोग के लिए सीएम फेलो की तैनाती करने के निर्देश भी दिए। अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई ने बताया कि इस बार 2500 से अधिक एक्जिबिटर्स ने पंजीयन कराया है, जबकि 500 से अधिक**

**विदेशी खरीदार इसमें भाग लेने आ रहे हैं। इस बार रूस पार्टनर कंट्री के रूप में सहयोग कर रहा है और उसका प्रतिनिधिमंडल ट्रेड शो में शामिल होगा। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

एक अन्य बैठक में मुख्यमंत्री ने आगामी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक प्रस्तावित 'सेवा पखवाड़ा' की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े का शुभारम्भ 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर होगा। पखवाड़े के दौरान सभी जनपदों में स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, 'वोकल फॉर लोकल' के तहत मेले–प्रदर्शनियाँ और युवाओं के बीच खेलकूद प्रतियोगिताओं जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता तथा प्रवेश प्रक्रिया की जांच के आदेश दिये हैं। इसके लिये टीम गठित की गई है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि जांच में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित संस्थान के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

**अभी योगी जी की जो घोषणा हुई है जिसमें उन्होंने एक कमेटी गठित की है जो शपथ पत्र लेगी प्रत्येक निजी विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों से की वो कितने कोर्स चला रहे हैं। सब कोर्स मान्यता प्राप्त है कि नहीं है। कितने छात्रों ने उसमें एडमिशन लिया है। क्या स्थिति है पूरी एजुकेशनल वो उस स्थिति का उनको शपथ पत्र देना पड़ेगा और एक स्थानीय स्तर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और वरिष्ठ शिक्षा क्षेत्र का अधिकारी उस कमेटी में होगा जो जांच करेगा। अगर जो गलत पाया जाएगा तो दंडात्मक कार्रवाई होगी।**

**********

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए आज मतदान होगा। इस चुनाव में एनडीए उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन का मुकाबला इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी से होगा। मतगणना भी आज ही होगी। इसी वर्ष जुलाई माह में स्वास्थ्य कारणों से जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया था, जिसकी वजह से यह चुनाव कराया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

**उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों से मिलकर बने, निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। इस चुनाव में गुप्त मतदान की प्रक्रिया अपनाई जाती है। निर्वाचक मंडल के सदस्य अपनी इच्छा के अनुसार मतदान कर सकते हैं, और वे संबंधित पार्टी व्हिप से बाध्य नहीं होते। इस बार उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की कुल संख्या 781 है और जीत के लिये बहुमत का आंकड़ा 391 है। मतदान सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक चलेगा। मतगणना शाम छह बजे के बाद की जाएगी। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

लखनऊ स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय–एकेटीयू का तेइसवां दीक्षांत समारोह आज मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी पाण्डेय ने बताया कि समारोह में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को डीलिट की मानद उपाधि दी जायेगी।

**********

पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने की वजह से प्रदेश के 48 जिले बाढ से प्रभावित हैं। गंगा, यमुना, शारदा, और रामगंगा जैसी प्रमुख नदियों के उफान पर होने के कारण लगभग 41 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि जलमग्न हो गई है। प्रदेश सरकार के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य जारी है। आगरा में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 5 फीट ऊपर पहुंच गया है। इसकी वजह से यमुना के किनारे बसे गाँवों में पानी घुस गया है और खेत जलमग्न हो गये हैं। प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है।

**********